अंदर के पेजों पर पढ़ें
2 कश्मीर पर संवेदनशीलता, आर्मी चीफ की पहल क्यों है सराहनीय...
6 अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट में भारत की प्लेइंग इलेवन में बदलाव तय!
7 जनकल्याण और विकास की सभी योजनाएं जारी रहेंगी ..मोहन यादव

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

# रणजीत टाइम्स

साप्ताहिक अख़बार

संपादक-गोपाल गावंडे

वर्ष - 10 अंक-49 इन्दौर , प्रति मंगलवार, 02 जनवरी से 08 जनवरी 2024 पृष्ठ-8 मूल्य -2



## झारखंड क्या अरेस्ट होने वाले हैं हेमंत सोरेन, पत्नी को देंगे अपना सीएम पद?

**रांची:** झारखंड एक बार फिर से नेतृत्व परिवर्तन की राह पर चल पड़ा है। सीएम हेमंत सोरेन को ईडी की ओर से भेजे गए सातवें समन के बाद सियासी हलचल तेज हो गई है। अचानक झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) विधायक सरफराज अहमद ने त्यागपत्र दे दिया। जिसे विधानसभा अध्यक्ष रबिन्द्रनाथ महतो ने स्वीकार भी कर लिया। विधानसभा सचिवालय की ओर से इस्तीफे को कारण बताते हुए पांडेय विधानसभा सीट रिक्त होने से संबंधित अधिसूचना सोमवार को जारी कर दी गई। अब चुनाव आयोग को उपचुनाव के संबंध में निर्णय लेना है।

### हेमंत पर मुसीबत बढ़ी तो कल्पना संभालेंगी मोर्चा

राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि वर्तमान हेमंत सोरेन सरकार पर ईडी की कार्रवाई से मुसीबत बढ़ी तो कल्पना सोरेन नेतृत्व संभालेंगी। वे गांडेय से चुनाव लड़ेंगी। गांडेय विधानसभा सीट अनारक्षित सीट है। यहां से जेएमएम उम्मीदवार की चार बार जीत हो चुकी है। यही कारण है कि जेएमएम नेतृत्व ने आदिवासी और अल्पसंख्यक बहुल अनारक्षित गांडेय सीट को चुना है।

# शर्तों पर पाक से बात नहीं , चीन पर नेहरू नहीं पटेल की नीति अपनाएंगे... विदेश मंत्री एस जयशंकर का सख्त संदेश

**नई दिल्ली- विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान को आड़े हाथ लिया है। उन्होंने कहा है कि पाकिस्तान आतंकवाद के पीछे है। वो सीमा पार से आतंकवाद के जरिए भारत पर बातचीत के लिए दवाब बनाने की कोशिश कर रहा है। हम पाकिस्तान से बात करेंगे लेकिन उसकी शर्तों के आधार पर नहीं। पाकिस्तान के अलावा उन्होंने कनाडा को भी सख्त संदेश दिया। विदेश मंत्री ने कहा कि कनाडा में खालिस्तानी ताकतें मजबूत हो रही हैं, ये न तो भारत के हित में है ना ही कनाडा के।**




### पाकिस्तान की शर्तों पर नहीं करेंगे बात

विदेश मंत्री ने न्कई मुद्दों पर अपनी बात रखी। पाकिस्तान से बातचीत के सवाल पर उन्होंने कहा, पाकिस्तान लंबे समय से सीमा पार से आतंकवाद का इस्तेमाल भारत पर बातचीत के लिए दबाव बनाने के लिए कर रहा है। ऐसा नहीं है कि हम अपने पड़ोसी के साथ बातचीत नहीं करेंगे, लेकिन हम उन शर्तों के आधार पर बातचीत नहीं करेंगे जो पाकिस्तान ने रखी हैं, जिसमें बातचीत की मेज पर लाने के लिए आतंकवाद की प्रथा को वैध और प्रभावी माना जाता है...

## अमेरिका के बाद भारत इकलौता देश, जिसने लॉन्च ब्लैक होल्स की स्टडी करने वाला सैटेलाइट

भारत ने अंतरिक्ष में अपनी धाक और मजबूत कर ली है। नए साल पर इसरो ने सबको सरप्राइज देते हुए **XPoSat** सैटेलाइट को लॉन्च किया। ये सैटेलाइट ब्लैक होल की स्टडी करेगा। इस तरह का मिशन लॉन्च करने वाला भारत अमेरिका के बाद दूसरा देश बन गया है।

नई दिल्ली। नए साल पर भारतीय स्पेस एजेंसी ने देशवासियों को बड़ा सरप्राइज दिया। सोमवार को साल के पहले ही दिन इसरो ने एक्स-रे पोलरिमीटर सैटेलाइट को सफलतापूर्वक लॉन्च किया। इस सैटेलाइट के लॉन्च करने के बाद भारत अमेरिका के बाद एक इकलौता ऐसा देश बन गया, जिसने ब्लैक होल की स्टडी करने के लिए डेडीकेटेड सैटेलाइट अंतरिक्ष में भेजा है। ये सैटेलाइट ब्रह्मांड को बेहतर तरीके समझने में मदद करेगा।

# महाराष्ट्र में 23 सीटों पर शिवसेना उद्धव गुट के दावे से I.N.D.I.A. में बेचैनी



मुंबई। महाराष्ट्र की 48 लोकसभा सीटों में से 23 सीटों पर शिवसेना (यूबीटी) के दावे से इंडिया अलायंस विशेषकर कांग्रेस के नेताओं में बेचैनी है। महाराष्ट्र कांग्रेस के नेताओं ने पिछले दिनों दिल्ली में हुई बैठक में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं को आगाह किया है कि वह शिवसेना के दबाव में न आएं, अन्यथा चुनावी वर्ष में पार्टी पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। कांग्रेसी नेताओं ने साफ कह दिया है कि महाराष्ट्र में बीजेपी के प्रभाव में आकर शिवसेना और एनसीपी पहले ही टूट चुकी है, लेकिन कांग्रेस अब तक एकजुट है। ऐसे में, अगर कांग्रेस सीटों पर किसी तरह का समझौता करती है, तो इस प्रतिकूल माहौल में भी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ने के लिए तैयार पार्टी नेताओं पर गलत प्रभाव पड़ेगा और वे वैकल्पिक रास्ते चुन सकते हैं। कई वरिष्ठ नेता टिकट के लिए पार्टी छोड़ भी सकते हैं। महाराष्ट्र के कांग्रेसी नेताओं ने इशारों ही इशारे में कांग्रेस आलाकमान को शरद पवार से भी सतर्क रहने का संकेत दिया है। एक वरिष्ठ कांग्रेसी नेता के मुताबिक शिवसेना को आगे कर शरद पवार कांग्रेस का खेल बिगाड़ने की कोशिश कर सकते हैं, क्योंकि राज्य में इस समय कांग्रेस के पक्ष में अच्छा माहौल है और शरद पवार की एनसीपी टूट चुकी है। शरद पवार के पास इस समय लोकसभा लड़ने के लिए अच्छे और तगड़े उम्मीदवार नहीं हैं। इस बड़े नेता ने अपना नाम न छापने की शर्त पर कहा, 'मुझे लगता है कि शरद पवार शिवसेना उद्धव गुट को ज्यादा सीटों के लिए इसलिए उकसा रहे हैं, ताकि कांग्रेस को कम सीटें मिलें और कांग्रेस में चुनाव लड़ने के कुछ इच्छुक नेता टिकट के लिए उनकी पार्टी में आ जाएं।'इस बीच खबर है कि सीट बंटवारे को लेकर महाराष्ट्र के कांग्रेस नेताओं के सख्त रुख से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भी कुछ हद तक सहमत है और इंडिया अलायंस को लेकर चिंतित भी है। उन्होंने महाराष्ट्र कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से फीड बैक लिया है और इस पर दिल्ली में मंथन चल रहा है। महाराष्ट्र के नवनियुक्त कांग्रेस प्रभारी रमेश चेन्निथला ने भी महाराष्ट्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की चिंताओं को सही माना है।

**कांग्रेसी नेताओं ने आलाकमान को किया आगाह**

### उद्धव-पवार दिल्ली जाएंगे

पिछले दिनों शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत और कांग्रेस नेता पूर्व सांसद संजय निरुपम के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर हुए वाकयुद्ध ने भी आग में घी का काम किया है। इसके बाद उद्धव ठाकरे के भी सुर बदले हैं। उन्होंने कहना शुरू कर दिया है कि इंडिया अलायंस में सीटों के बंटवारे का आधार सिर्फ जीतने की क्षमता ही होगी। इधर खबर है कि कांग्रेस के दिल्ली के वरिष्ठ नेताओं से उद्धव ठाकरे की फोन पर बातचीत हुई है और उद्धव ठाकरे सीट बंटवारे पर चर्चा के लिए जल्द ही दिल्ली का दौरा करने वाले हैं। खबर है कि उनके साथ एनसीपी प्रमुख शरद पवार भी दिल्ली की चर्चा में शामिल होंगे।




## ट्रकों की हड़ताल से होगी जरूरी सामान की किल्लत, जेब पर पड़ेगा सीधा असर, पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें

ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल का असर आम आदमी की जेब पर पड़ सकता है। ट्रक, बसों की हड़ताल से आवश्यक वस्तुओं की किल्लत हो सकती है। इस बीच पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़ देखी जा रही है। ड्राइवरों की हड़ताल से जुड़े सभी सवालों के जवाब यहां जानिए।

नई दिल्ली- देशभर में नए हिट एंड रन कानून के विरोध में बस और ट्रक ड्राइवरों की बेमियादी हड़ताल आज भी जारी है। दिल्ली, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों में ट्रक ड्राइवर हड़ताल कर रहे हैं। हड़ताल की वजह से पेट्रोल पंपों पर लोगों की भारी भीड़ देखी जा रही है। कई शहरों में पेट्रोल-डीजल की कमी भी हो रही है। दिल्ली में बसों और ट्रक की कतारें लगी हुई हैं। यात्री परेशान हो रहे हैं, लेकिन बस ड्राइवर चलने को तैयार नहीं है। जानकारी के मुताबिक देशभर में तीन दिनों की हड़ताल बुलाई गई है। ट्रक ड्राइवरों की इस हड़ताल का असर आम आदमी की जेब पर पड़ सकता है। हड़ताल की वजह से खाद्यान्न, दवाईयां और रसोई गैस जैसी आवश्यक वस्तुओं की किल्लत हो सकती है।

संपादकीय

# कश्मीर पर संवेदनशीलता, आर्मी चीफ की पहल क्यों है सराहनीय

**जम्मू-कश्मीर के पुंछ में आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना की कदम सराहनीय है। आर्मी चीफ जनरल मनोज पांडे का राजौरी और पुंछ सेक्टर में जाना, सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करना और पूरे मामले की जांच शुरू करना संदेश देता है। इस हमले में चार जवानों की हत्या कर दी गई थी। सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे का सोमवार को खुद जम्मू के राजौरी और पुंछ सेक्टर पहुंचकर सुरक्षा स्थितियों का जायजा लेना और सेना का ब्रिगेडियर सहित तीन अफसरों को हटाते हुए तत्काल पूरे मामले की जांच शुरू करना बताता है कि सैन्य नेतृत्व ने हाल की घटनाओं को कितनी गंभीरता से लिया है।**





संपादक-
गोपाल गावंडे

पिछले सप्ताह इस इलाके में आतंकवादियों ने जिस तरह से घात लगाकर हमला किया और सेना के चार जवानों की हत्या कर दी, वह तो असहनीय था ही, लेकिन उसके बाद पूछताछ के लिए उठाए गए तीन लोगों का मृत पाया जाना भी कम गंभीर नहीं था। आतंक का नया गढ़ – पिछले करीब एक साल की घटनाएं बताती हैं कि इस इलाके में आतंकवादियों की सक्रियता बढ़ी है। ऐसा लगता है कि आतंकवादियों ने इस इलाके में अपना एक सपोर्ट सिस्टम तैयार कर लिया है। पिछले सप्ताह की घटना में भी यह मानने के ठोस आधार हैं कि आतंकवादियों को यहां रहने वाले कुछ लोगों की प्रत्यक्ष या परोक्ष मदद मिली है।

### कार्रवाई में सावधानी

इसमें दो राय नहीं कि जम्मू-कश्मीर में सैन्य बलों को बेहद मुश्किल हालात में अपना काम करना होता है। और जितनी कुशलता से वे अपने कार्यों को अंजाम दे रहे हैं, वह सराहनीय है। लेकिन पिछले सप्ताह की घटनाओं को देखें तो ऐसा लगता है कि इस बार उनसे कुछ चूक हुई है। हालांकि मामले की जांच चल रही है, इसलिए निष्कर्ष निकालने की जल्दबाजी के बजाय जांच रिपोर्ट का इंतजार करना बेहतर होगा।

### सेनाध्यक्ष की हिदायत

ऐसे मौके पर सेनाध्यक्ष ने जहां जवानों का मनोबल बढ़ाते हुए सभी चुनौतियों से दृढ़ता से निपटने के उनके जज्बे की तारीफ की, वहीं यह हिदायत भी दी कि वे ऑपरेशंस के दौरान पूरी तरह से प्रफेशनल रवैया अपनाएं। यह सलाह बेहद अहम है।

### मौके की नजाकत

जम्मू-कश्मीर अभी नाजुक दौर से गुजर रहा है। अनुच्छेद 370 के इतिहास का हिस्सा बन जाने के बाद से वहां एक नया दौर शुरू हुआ है। टूरिस्टों की बढ़ती संख्या जहां लोकल इकॉनमी को बढ़ावा दे रही है, वहीं नौजवानों को रोजगार के मौके भी मुहैया करा रही है। ऐसे में आतंकवादी तत्व बेसब्री से असंतोष का कोई ऐसा मौका तलाश रहे हैं जिसका फायदा उठा सकें।

अंतरराष्ट्रीय पहलू – भूलना नहीं चाहिए कि चाहे अफगानिस्तान में तालिबान की वापसी हो या पाकिस्तान की राजनीतिक अस्थिरता या फिर गाजा में हमास और इस्राइल की जंग- कश्मीर की सुरक्षा स्थिति पर इन सबका प्रभाव पड़ता है। वजह यह है कि यहां से कट्टरपंथी धाराओं का प्रभाव पूरी तरह समाप्त नहीं किया जा सका है। चूंकि भारत के लिए आतंकवाद के खिलाफ सबसे बड़ी ढाल कश्मीर के लोग ही हैं, इसलिए लोगों का विश्वास बनाए रखते हुए ही आगे बढ़ना होगा चाहे सवाल सैन्य कार्रवाई की पारदर्शिता का हो या चुनावी प्रक्रिया की बहाली का।

राजनीति

# क्या शरद पवार 2024 में बने रहेंगे राजनीति के चाणक्य?

# कैसा रहेगा सीएम एकनाथ शिंदे के लिए नया साल




**– लोकसभा चुनावों के कारण साल 2024 वैसे तो पूरे देश के लिए चुनावी साल है, लेकिन यूपी के बाद सीटों की संख्या में दूसरे नंबर पर आने वाले महाराष्ट्र में दो बार चुनावी दंगल सजेगा। ऐसे में साल 2024 को महाराष्ट्र की राजनीति के काफी अहम माना जा रहा है।**

मुंबई- महाराष्ट्र के लिए अगला साल एक चुनावी साल है। साल की शुरुआत में जहां लोकसभा चुनावों की तैयारियां तेज होंगी और फिर अप्रैल मई में चुनावी महौल होगा। तो वहीं साल के अंत में महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव होंगे। ऐसे में 2024 को साल महाराष्ट्र के दिग्गज नेताओं और दलों के लिए काफी अहम माना जा रहा है। कहा जा रहा है कि 2024 का साल नेताओं के राजनीतिक भविष्य का फैसला करेगा। साल 2024 महाराष्ट्र के पूर्व सीएम और एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार के साथ मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के लिए कैसा रहेगा आध्यात्मिक गुरु सदागुरु श्री दयाल (डॉ. स्वामी आनंद जी) का अनुमान लगाया है।

### विरोधी खौफजदा बने रहेंगे

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के प्रमुख शरद पवार के लिए की हर चाल विरोधियों को बेचैन करती है। उनके बारे में कहा जाता है कि उन्हें समय से पहले स्थिति का अनुमान लगाने की क्षमता में महारत हासिल है। इसीलिए वे अपनी गुगली से विरोधी की गुल्ली बिखेर देते हैं। आध्यात्मिक गुरु सदागुरु श्री दयाल (डॉ. स्वामी आनंद जी) का अनुमान है कि शरद पवार नए साल में मार्च के अखिर तक अपनों के धोखों का शिकार बनेंगे, लेकिन इसके बाद उनकी लोकप्रियता में इजाफ और उछाल आए और फिर वे 16 मई तक चर्चा में रहेंगे। इसके 13 जुलाई तक की समय अवधि में वे बेहद अशक्त महसूस करेंगे। इसके बाद वह 14 जुलाई से 3 सितंबर के बीच मध्य उनकी सत्ता से नजदीकियां बढ़ेंगी।

### राह में आएंगी साजिशें

आध्यात्मिक गुरु सदागुरु श्री दयाल (डॉ. स्वामी आनंद जी) का अनुमान है महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री नए साल की शुरुआत में विरोधियों पर भारी पड़ेंगे। फरवरी और उसके बाद के महीनों में कई प्रतिकूल परिस्थितियों और चुनौतियों का उन्हें सामना करना पड़ेगा। शिंदे का न झुकने का स्वभाव उन्हें तनाव भी देगा। साल के मध्य में शिंदे का स्वास्थ्य प्रभावित होगा। मानसिक शांति भंग होगी। उन्हें गैरों के साथ अपनो से तनाव मुफ्त में मिलेगा। उनकी सरकार पर कई आरोप लगेंगे और विरोध उन पर हमलावर भी होंगे। इस दौरान आमजन में उनकी लोकप्रियता बढ़ेगी। 2024 में शिंदे को साजिशों के दरिया को पार करना होगा ऐसे में वह महाराष्ट्र के राजनीति की बिसात पर फूंक-फूंककर मोहरे चलते नजर आएंगे, अनुमान है कि विपरीत परिस्थितियों को अवसर में बदल लेंगे

# सड़क पर पड़े मिले रिटायर्ड एएसआई, मौत

## रिश्तेदारों को व्हाट्सएप ग्रुप से लगी जानकारी



**इंदौर 1 जनवरी रविवार शाम को नेमावर ब्रिज के यहां सड़क पर पड़े मिले एक व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाया जहां उपचार के पहले ही उनकी मौत हो गई। मुर्दा की पहचान रिटायर्ड सहायक उप निरीक्षक रवि कुमार के नाम से हुई।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार ब्रिज के पास से गुजर रहे लोगों ने सड़क पर पड़े व्यक्ति को देख पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और 108 एंबुलेंस से उन्हें बड़े अस्पताल भिजवाया जहां उपचार के पहले ही उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मृतक की पहचान के लिए उनका फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड किया इसी बीच रिश्तेदारों को व्हाट्सएप ग्रुप से जानकारी मिली तो तत्काल बड़े अस्पताल पहुंचे और मृतक की पहचान की। रिश्तेदारों की सूचना पर परिजन भी बड़े अस्पताल पहुंचे। पुलिस के मुताबिक मर्तक का रवि कुमार पीटीसी से रिटायर हुए थे। परिजनों ने बताया कि वह पारिवारिक कम से एक्टिवा लेकर घर से निकले थे। घटनास्थल पर एक्टिव और उनका मोबाइल भी मिला है। पुलिस ने बताया कि संभवत हार्ट अटैक आने से उनकी मौत हुई है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है।

## युवक को चाकू मारा

**इन्दौर ।** फरियादी विनोद पिता रमाशंकर प्रजापत 40 साल निवासी वैशाली नगर को घर के सामने कचरा फेंकने की बात को लेकर दिलीप पिता बसंत चौहान ने चाकू मार दिया जिसमें वह घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## दो नाबालिक लापता

**इन्दौर ।** फरियादी सुनील मालवीय निवासी बड़ी बमोरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका 15 वर्षीय बेटा अजय बिना बताए घर से कहीं चला गया इसी प्रकार बड़ी ग्वालटोली में रहने वाली किशोरी परिजन को सहेली के घर जाने का बोलकर निकली थी जो लापता हो गई। दोनों मामलों में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है।

## रिक्शा के कांच फोड़े

**इन्दौर ।** फरियादी कुलदीप पिता लक्ष्मी नारायण विष्णु निवासी जनता क्वार्टर की घर के बाहर खड़ी ऑटो रिक्शा में अज्ञात बदमाश ने कांच फोड़ दिए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 436 का केस दर्ज किया।

## बहु को निकाला

**इन्दौर ।** फरियादी कविता पाल 30 साल निवासी मालवीय नगर ने पुलिस को बताया कि उसे मायके से दहेज नहीं लाने पर पति शुभम पाल सास रेखा पाल और ससुर अनिल पाल ने प्रताड़ित कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने सभी के खिलाफ केस दर्ज किया।

## गांजा पीते चार बंदी

**इन्दौर ।** पुलिस द्वारकापुरी ने ऋषि पैलेस कॉलोनी के पास गांजा पीते हुए पप्पू पिता हेमंत वर्मा कैलाश पिता प्रहलाद सोलंकी अशोक पिता हेमराज सिसोदिया और गोपाल पिता राम प्रसाद परमार को पकड़ा इनके पास से गंजे की पांच पुड़िया बरामद की। सभी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

## टक्कर से दो जख्मी

**इन्दौर ।** नौलखा चौराहे पर एक्टिवा सवार यशवंत पिता ओम नारायण शुक्ला और प्रशांत पिता विजय शंकर शर्मा को कार ने टक्कर मार दी जिसमें दोनों घायल हो गए। पुलिस ने चालक के खिलाफ केस दर्ज किया।

## झगड़ा करते बंदी

हीरानगर पुलिस ने बजरंग नगर में झगड़ा करते हुए सुरेश पिता घनश्याम पवन पिता राजेंद्र वीरेंद्र पिता शंकर लाल और गोविंद पिता अनिल को पकड़ा। सभी आरोपी आपस में झगड़ा कर शांति भंग कर रहे थे। इनके खिलाफ धारा 160 के तहत केस दर्ज किया है।

## देवर ने की मारपीट

**इन्दौर ।** सोमनाथ की चाल में रहने वाली निर्मला पति बसंत चौधरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई की घरेलू बात को लेकर देवर भारत ने मारपीट की जिसमें वह घायल हो गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## गांजा सहित दो धराएं

**इन्दौर ।** पलासिया पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान मोटरसाइकिल सवार संदीप पिता मनोहर सिसोदिया और दीपक पिता कन्हैया लाल सुनहरे को पकड़ा इनके पास से 730 ग्राम गांजा बरामद किया है। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

## किशोरी से की छेड़छाड़

**इन्दौर ।** गाड़ी अड्डा क्षेत्र में रहने वाली किशोरी ने पुलिस को बताया कि वह सुबह दूध लेने जा रही थी तभी रास्ते में रोहित पिता परसराम चौहान ने रोका और छेड़छाड़ की विरोध किया तो धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

## स्कूटी चुराते पकड़ाया

**इन्दौर ।** श्री राम नगर अन्नपूर्णा में रहने वाले प्रशांत पिता गिरधर गोपाल दुबे की घर के बाहर खड़ी स्कूटी चुरा कर ले जाते हुए राजू पिता बंसीलाल कोहली को रंगे हाथों पकड़ा और पुलिस के हवाले किया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

# साल के अंतिम दिन भी लुटेरों ने दो लोगों से मोबाइल छीन लिए

**इंदौर** 1 जनवरी रविवार को साल के अंतिम दिन भी लूट की वारदात नहीं रुकी। अलग-अलग स्थान पर दो लोगों से बाइक सवार बदमाश मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी राहुल पिता अनिल बाजपेई निवासी महालक्ष्मी नगर ने बताया कि वह सुबह घर के पास टहल रहा था। इसी बीच मोबाइल पर बात कर रहा था तभी बिना नंबर की मोटरसाइकिल पर दो बदमाश नकाब पहने हुए आए और उसे धक्का देकर मोबाइल फोन छीनकर भाग गए। पुलिस लसूडिया ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया। इसी प्रकार फरियादी देवेश पिता अनिरुद्ध सोनी निवासी सिलिकॉन सिटी से भी बाइक सवार दो बदमाश मोबाइल छीनकर फरार हो गए। फरियादी देवेश के मुताबिक ओ राजीव गांधी चौराहे से गुजर रहा था तभी बदमाशों ने उसे धक्का दिया और मोबाइल छीनकर भाग गए। भंवर कुवा पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# युवक की आत्महत्या में छह लोग फंसे

**इंदौर 1 जनवरी झाबुआ में रहने वाले युवक की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने 6 लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। घटना देपालपुर थाना क्षेत्र की है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी पूंजीदेवी पति मांगीलाल वाघेला 60 साल निवासी ग्राम सेमलिया झाबुआ ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 31 दिसंबर की सुबह 6 बजे पता चला कि मेरा बेटा सुखराम उर्फ सुकेश 35 साल में राकेश गुर्जर निवासी ग्राम अहिरवास के घर के बड़े में फांसी के फंदे पर लटका हुआ है, यहां जानकारी मुझे पुलिस से मिली। मैं और मेरे एक और लड़के ने पता किया कि 29 दिसंबर की रात्रि 11:00 बजे राजेश गुर्जर अपने साथी कारण किसन चैन सिंह अंतिम और जितेंद्र के साथ कार से आए थे और मेरे बेटे सुकेश को घर से जबरदस्ती उठाकर देपालपुर लेकर आ रहे थे उसने जाने से मना किया तो सभी ने उसके साथ मारपीट की थी। राजेश गुर्जर और उनके साथियों ने सुकेश के साथ घर में बंद कर मारपीट भी की इसी प्रताड़ना के चलते उसने फांसी लगा ली थी। देपालपुर पुलिस ने जांच के बाद सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 366 306 और एससी एसटी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

# रिपोर्ट वापस लेने की बात पर दो पक्षों में खूनी संघर्ष, चार घायल

**इंदौर 1 जनवरी साल के अंतिम दिन एरोड्रम थाना अंतर्गत नागिन नगर में दो पक्षों में खूनी संघर्ष हुआ जिसमें चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ क्रॉस केस दर्ज किया है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी कविता पति राजेश निवासी नगीनगर ने पुलिस को बताया कि मैंने कुशल के खिलाफ रिपोर्ट लिखी थी। रिपोर्ट वापस लेने की बात को लेकर कुशल अपने परिजन और साथी गोलू परिहार अंकित गौरव आदि के साथ घर में घुस आया और गालियां देते हुए मारपीट करने लगा बचाने पति राजेश और बेटी गरिमा आई तो उनके साथ भी मारपीट की और धमकी देकर भाग गए। वहीं दूसरे पक्ष के अंकित पिता नरेंद्र परिहार ने पुलिस को बताया कि मेरा साला कुशाल ने गरिमा के भाई के खिलाफ रिपोर्ट लिखी है। कुशल राजेश के घर के सामने से जा रहा था तभी राजेश इसकी पत्नी कविता और अन्य ने उसे रोका और रिपोर्ट वापस लेने की बात को लेकर गालियां दी और मारपीट करने लगे मैं और अन्य लोग बचाने गए तो आरोपियों ने डंडे से हमला किया फिर राजेश ने कुशल को चाकू मार दिया बचाने दोस्त सावन आया तो उसके सीने पर भी चाकू मार दिया और धमकी देकर भाग गए। एरोड्रम पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ बलवा की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

# एटीएम गार्ड पर चाकू से हमला, गंभीर

**इंदौर 30 दिसंबर बाणगंगा थाना क्षेत्र में देर रात एटीएम के गार्ड पर अज्ञात बदमाशों ने चाकू से हमला कर फरार हो गए। खबर लेकर जाने तक गार्ड की हालत गंभीर बनी हुई थी।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार गार्ड का नाम जय राम पिता हरि राम 41 साल निवासी सुंदर नगर है। बताया जाता है कि वह एटीएम में ड्यूटी कर रहा था इसी दौरान दो से तीन युवक आए और एटीएम मशीन से छेड़छाड़ करने लगे उसने विरोध किया तो उसे पर चाकू से जानलेवा हमला किया और फरार हो गए। पुलिस एटीएम मशीन और आसपास लगे सीसीटीवी के फुटेज चेक कर रही है ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। इसी प्रकार फरियादी भारत पिता राम प्रसाद राठौर 45 साल निवासी इंदिरा एकता नगर को पुरानी रंजिश के चलते गोपाल मीणा ने चाकू से जानलेवा हमला किया और फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। वही निरंजनपुर लसूडिया में रहने वाले कैलाश पिता गजानंद चौहान को किसी बात के चलते जितेंद्र वर्मा और सुरेश पाल ने चाकू से हमला किया और धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# अरविंद अकेला कल्लू और रक्षा गुप्ता के डांस नंबर से सजी फ़िल्म

## कस्मे वादे

## का ट्रेलर रिलीज, केमेस्ट्री दिखी हिट

**भोजपुरी फिल्मों का अपना अलग ही क्रेज होता है। इनकी ऑडियंस बिल्कुल अलग होती है। इसी बात पर आपको बताते चलें कि नई भोजपुरी फिल्म आप सबके बीच जल्द आने वाली है। अरविंद अकेला कल्लू की फिल्म %कस्मे वादे% का शानदार ट्रेलर रिलीज हो गया है।**




भोजपुरी फिल्मो के जाने माने गायक व नायक अरविंद अकेला कल्लू और अभिनेत्री रक्षा गुप्ता के शानदार अभिनय से सजी फ़िल्म %कस्मे वादे% का ऑफिसियल ट्रेलर आज डी आर जे रिकार्ड्स के यूट्यूब चैनल पर रिलीज कर दिया गया है। फ़िल्म के ट्रेलर की शुरुआत एक अच्छे शायरी से होती है जो पूरी तरह से आधुनिक है, उसके साथ ही साथ अरविन्द अकेला कल्लू और रक्षा गुप्ता की गाने की एंट्री %तमातम% पर दूल्हा-दुल्हन बनकर हो रही जो पूरी गांवती अंदाज मे दिख रहा है।


श्री दुर्गा इंटरटेमेन्ट के बैनर तले बनी फ़िल्म के निर्माता जीतेन्द्र तिवारी है वही फ़िल्म के निर्देशक अरविन्द चौबे है, वो कहते है आज इस साल के शुरआती मे ही हमारी फ़िल्म का ट्रेलर रिलीज होना मेरे और टीम के लिए शुभ संकेत है। अगर फ़िल्म की बात करे तो यह फ़िल्म पूरी तरह कर्सियल बेस की फ़िल्म है जो पूरी तरह मनोरंजक है, जिसे जल्द ही सिनेमा घरो मे रिलीज किया जायेगा।

### कस्में वाद की कास्ट

फ़िल्म के मुख्य कलाकार है अरविन्द अकेला कल्लू, रक्षा गुप्ता,डिम्पल सिंह,विनीत विशाल, सोनिया मिश्रा, नीरज यादव, आलोक सिंह,, अनूप लोटा तिवारी,जय प्रकश सिंह व अन्य है।

### कस्में वादे के सिंगर और संगीत

बताते चले की फ़िल्म के लेखक सलिल सुधाकर है जबकि संगीत से सजाया है ओम झा, अभिनाश झा घुँघरू, आर्या शर्मा, डांस सोनू प्रीतम,एक्शन दिनेश यादव,प्रोडक्शन हेड जे यश तिवारी, कार्यकारी निर्माता बबिता व पीआरओ सोनू निगम है।

# अंदर के धर्म जागृत होते ही आप धार्मिक हो जाएंगे

हम लोग यही सोचते हैं कि अगर माताजी के आत्म साक्षात्कार की तरफ हम मुड़े तो भाई फिर क्या होगा हम सन्यासी हो जाएंगे सहज योग तो सन्यास के महाविरोध में है महा विरोध अगर कोई सन्यासी आ जाए तो हम उसे कहते हैं कि जाकर कपड़े बदल कर आओ सहयोग सामान्य लोगों के लिए जो बस्ती में रहते हैं उनके लिए है गृहस्थी बड़ा भारी महायज्ञ है उस महायज्ञ में जो गुजरा है वही सहयोग में आता है सन्यासियों में हमारा विश्वास बिल्कुल नहीं है क्योंकि यह कपड़े पहन कर के आप किसको जता रहे हैं जो सन्यासी होता है वह तो है ही सन्यासी अंदर से वह क्या ब्रह्मा में अपने ऊपर में कुछ नाम पर साइन बोर्ड लगा कर घूमता है कि मैं सन्यासी हूं यह झूठ है नेट पर लगाने की क्या जरूरत है और गलतफहमी में अपने को रखना अपने ही को आप की ट्रेन धोखा कर रहे हैं तो दूसरों को करेंगे ही जिसने अपने ही को धोखा दिया है वह दूसरों को भी धोखा दे ही देगा तो इस प्रकार के भी विचार के कुछ लोग होते हैं कि जो अपने शरीर को दुख देना और दुनिया भर के दुख सहना और परेशानी उठाना इसका बड़ा अच्छा उदाहरण है यहूदी लोग अपने यहां भी ऐसे बहुत सारे हैं जो उपवास तपास और दुनिया भर की बातें करके शिवाय बीमारी के और कुछ नहीं उठाते पर यहूदी लोगों ने यह कहा कि हम ईसा मसीह को नहीं मानते हैं क्योंकि वह कहता है कि मैं तुम्हारे सारे पापों को खींच लूंगा अपने अंदर और सही बात है जब उनकी जागृति हो जाती है हमारे आज्ञा चक्र पर तो वह खींच लेते हैं इसलिए यहूदी लोग उनको नहीं मान सकते और चाहे कोई माने तो माने और इसलिए उन्होंने कहा कि हम तो यह विश्वास करते हैं कि मनुष्य खूब सफर कष्ट सहन करना चाहिए खूब सफरिंग कष्ट भोगना होना चाहिए वह इतना दुख उठाए दुख उठाने से ही परमात्मा मिलता है यह उनका अपना विचार था यानी यहां तक कि कोई संत है उसको कोई दुख दे रहा है तो वह कहते हैं कि ठीक ही है तुमको परमात्मा अच्छे से मिल जाएगा जितना दुख हो जेलो जैसे ज्ञानेश्वर जी को हमने काफी सताया रामदास स्वामी को हमने कभी माना ही नहीं कभी माना ही तुकाराम की तो हालत ही खराब कर दी और भी जितने भी नानक साहब हैं कबीर दास हैं सब को परेशान किया और यही कहकर कि तुम तो संत हो तुम तो गुस्सा ही नहीं हो सकते हम संत नहीं हैं मां ने यहां की जैसे सारे गुस्से का ठेका हमने ले रखा है और सारा सहने का ठेका आप ने ले रखा है और ऐसे जो यहूदी लोग थे देखिए उन पर कितनी बड़ी आफत आ गई भगवान ने एक हिटलर भेज दिया उनके लिए जाओ इनको सफर करना है करने दो अब वहां उल्टे बैठ गए हैं वह सब दुनिया को सफर कराएंगे तो इस तरह की कल्पनाएं अगर दिमाग में हो तो भी मनुष्य कभी भी सुख नहीं पा सकता इस तरह की बड़ी ही ज्यादा तीव्र भावनाएं किसी के प्रति कभी भी नहीं बनानी चाहिए क्योंकि सभी परमात्मा की संतान हैं किसी से भी देश बनाना नहीं चाहिए कोई भी आप प्रश्न उठाइए जैसे कि कोई कहेगा कि आज हिंदू धर्म जो है यह बड़ी विपत्ति में पड़ा है मैं तो कहती हूं कि कभी विपत्ति में पड़ ही नहीं सकता अगर वह धर्म है तो उसको कोई हाथ भी नहीं लगा सकता अगर वह धर्म है तो पर वह राजनीति नहीं है वह धर्म है और धर्म को कोई छू नहीं सकता क्योंकि धर्म शाश्वत है धर्म को कौन छू सकता है आनी जानी और मरना जीना तो चलता रहता है लेकिन धर्म नष्ट नहीं हो सकता अगर आप ही धर्म चुप हो जाए तो धर्म नष्ट हो जाएगा और नहीं तो आपका आपका धर्म कोई नहीं तोड़ सकता किसी की मजाल नहीं कि आपका धर्म तोड़े पर धर्म को पहले अपने अंदर जागृत करना चाहिए आप के 10 धर्म हैं यह धर्म जब आपके अंदर जागृत हो जाएंगे तो जो धर्म आप नष्ट कर रहे हैं रोज रोज किसी न किसी वजह से क्योंकि आपकी बहुत सारी इच्छाएं हैं आप में लाल साए हैं वासन आए हैं बहुत सी आदतें पड़ गई हैं इसकी वजह से जो आपके अंदर का धर्म रोज नष्ट हो रहा है वह जागृत होते ही आप धार्मिक हो जाएंगे क्योंकि आप दूसरा काम कर ही नहीं सकते जैसे मैं कभी भी नहीं कहती आप शराब मत पियो मैं नहीं कहती हूं क्योंकि कहने से आधे लोग उठ जाएंगे फायदा क्या मैं कहती हूं अच्छा पार हो जाओ मां के तरीके उल्टे होते हैं ना चल भाई पहले पार हो जाओ फिर मैं कहूंगी अच्छा अब पी कर देखो शराब पी नहीं सकते उल्टी हो जाएगी उल्टी हो जाएगी धर्म अब जागृत हो गया आपके अंदर तो वहां फेंक देगा आपकी शराब को आपकी ही नहीं सकते धर्म इस तरह इतने जोर से आपके अंदर जागृत हो जाता है कि फिर पाप और पुण्य जो है जैसे निर्वाचित विवेक हो जाता है उस तरह से अलग अलग हो जाता है और आप जान जाते हैं कि यह मेरे लिए रास नहीं आएगा यह मेरे माफी नहीं आने वाला यह मुझे सूट ही नहीं कर सकता इसकी एलर्जी है मुझको आप एलर्जी हो जाते हैं क्योंकि आपके अंदर आपका जो परम गुरु आत्मा है शिव स्वरूप आत्मा जागृत होकर के वही आपको समझा देता है कि भाई देखो यह चीज चलने वाली नहीं है अब हमसे क्योंकि आप अब आत्मा हो गए इसलिए अब आत्मा बोलेगा और बाकी जो चीज हैं गौण हो जाती है और मुख्य हो जाता है आत्मा



जय श्री माताजी



# सफला एकादशी 7 जनवरी

**पौष मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी को सफला एकादशी के नाम से जाना जाता है। इस बार 7 जनवरी को सफला एकादशी का व्रत किया जाएगा। एकादशी का व्रत रखने से व्यक्ति को भगवान विष्णु की विशेष कृपा मिलती है। इस दिन भगवान विष्णु की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करने से व्यक्ति को जीवन में सुख समृद्धि मिलती है।**

# 2024 के पहले दिन से सीधा चलना कर दें शुरू, बदल लें ये उल्टी आदतें, आपको पहचान नहीं पाएंगे लोग

***नए साल की शुरुआत में हल्की फुल्की सही आदतों को फॉलो कर लें। यह आपके स्वास्थ्य को बहुत तेजी से सुधारने में मदद करेंगी और आप किसी नए इंसान की तरह दिखने लगेंगे। कैलेंडर बदल चुका है और इसी के साथ आपको भी बदल जाना चाहिए। पिछले साल की गंदी और उल्टी आदतों को छोड़कर हेल्दी हैबिट्स को अपना लें। बहुत जल्दी ही इनका असर आपके शरीर पर दिखने लगेगा और एक नए इंसान के रूप में निखरकर उभरेंगे।***

***योग टीचर के बताए अनुसार अनगिनत आदते जो इस साल से फॉलो कर लेनी चाहिए। ये आपके खानपान और रहन-सहन को स्वस्थ बना सकती हैं और देखते ही देखते सारी बीमारियों से दूर कर सकती हैं। इसलिए इन्हें हल्के में लेकर इग्नोर करने की गलती ना करें।***



### 2024 के लिए रिएलिस्टिक रेजोल्यूशन
### पेट भरकर ना खाएं खाना

यह आदत एंटी एजिंग की तरह काम करती है और ब्लू जोन के लोग भी अपनाते हैं। वो कभी भी पेट भरकर नहीं खाते और हमेशा कुछ कसर छोड़ देते हैं। साथ ही आपको पका हुआ और कच्चा आहार एकसाथ नहीं लेना चाहिए। खाना जमीन पर बैठकर और हर टुकड़े को करीब 30 बार चबाकर खाना चाहिए।

### खाली पेट ना करें ये काम

सुबह उठने पर पेट एकदम खाली होता है। इस वक्त ना आपको कोई जूस पीना चाहिए और ना ही चाय-कॉफी का सेवन करना चाहिए। पहले पेट को कुछ हल्का ठोस पदार्थ दें, जिससे उसे एनर्जी और पोषण की अच्छी सप्लाई मिलने लगे।

### इन आदतों को भी अपनाएं

1.अपने टाइम से 30 मिनट पहले उठें ताकि खुद को थोड़ा समय दे सकें।
2.सोने से 2 घंटे पहले डिनर कर लें।
3.रोजाना 20 मिनट प्राणायाम करें।
4.हर्बल टी का सेवन करें।
5.हेल्दी ब्रेकफास्ट और डिनर करें।
6.ब्रेड, बिस्किट जैसे रिफाइंड पैकेज्ड फूड ना खाएं।
7.उठने के 1 घंटे तक फोन ना चलाएं।
8. सूर्य नमस्कार हर दिन करें।
9.हफ्ते में 2 बार फेस मसाज जरूर करें।

### महिलाओं के लिए जरूरी रेजोल्यूशन

नाभी में डालें ये तेल
पीरियड्स पेन में कैस्टर ऑयल
जोड़ों के दर्द और खराब पाचन में तिल का तेल
ग्लोइंग स्किन के लिए बादाम तेल
हेयर ग्रोथ के लिए सरसों का तेल
हाई बीपी में जैतून तेल
मुंहासों में नीम का तेल
मुलायम त्वचा और होठ के लिए घी
याददाश्त बढ़ाने के लिए बादाम तेल
तेज आंखों के लिए नारियल तेल

# अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट में भारत की प्लेइंग इलेवन में बदलाव तय! यह तेज़ गेंदबाज़ कर सकता है डेब्यू




भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरा टेस्ट 03 जनवरी, 2024 को खेला जाएगा. दूसरे टेस्ट में भारत की प्लेइंग इलेवन में बदलाव हो सकता है.

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेली जा रही टेस्ट सीरीज़ का दूसरा मुकाबला कल यानी 03 दिसंबर, बुधवार को केपटाउन में खेला जाएगा. टीम इंडिया पहला मुकाबला गंवा चुकी है. अब दूसरा मुकाबला जीतने के लिए रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम इंडिया की प्लेइंग इलेवन में बदलाव हो सकता है. भारतीय टीम हर हाल में दूसरा मुकाबला जीत सीरीज़ को 1-1 बराबर करना चाहेगी. दूसरे टेस्ट में गेंदबाज़ के रूप में बदलाव दिखाई दे सकता है.

पहले मुकाबले में भारतीय टीम चार पेसर और एक स्पिनर के साथ मैदान पर उतरी थी, जिसमें- जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, शार्दुल ठाकुर, प्रसिद्ध कृष्णा और स्पिनर आर अश्विन मौजूद थे. प्रसिद्ध कृष्णा ने पहले टेस्ट के ज़रिए फॉर्मेट में डेब्यू किया था, लेकिन वो उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सके थे. ऐसे में दूसरे टेस्ट की प्लेइंग इलेवन से उन्हें बाहर किया जा सकता है.

पहले टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका ने किसी भी स्पिनर को टीम में शामिल नहीं किया था और ना ही किसी पार्ट टाइमर से बॉलिंग कराई थी. ऐसे में पिच को ध्यान में रखते हुए दूसरे टेस्ट में आर अश्विन को भी प्लेइंग इलेवन से बाहर किया जा सकता है. टीम में आवेश खान को मौका दिया जा सकता है, क्योंकि आवेश इंडिया ए का हिस्सा थे, जिन्होंने अफ्रीका ए के खिलाफ खेले गए मुकाबलों में अच्छा प्रदर्शन किया था. शानदार प्रदर्शन के बाद आवेश को मोहम्मद शमी की जगह दूसरे टेस्ट के स्क्वॉड में शामिल किया गया था.

दूसरे टेस्ट में आवेश खान या मुकेश कुमार, किसी एक को मौका दिया जा सकता है. हालांकि दोनों गेंदबाज़ों को भी प्लेइंग इलेवन में मौका मिल सकता है. ऐसे में देखना दिलचस्प होगा कि रोहित शर्मा दूसरे मुकाबले की प्लेइंग इलेवन से किस गेंदबाज़ की छुट्टी करते हैं.

RESIDENTIAL PLOTS
FOR SALE

SATGURU NAGAR
INDORE - KHANDWA ROAD



तुरन्त रजिस्ट्री। तुरन्त पजेशन

PLOT SIZE:-
12*50 = 600, SQFT
15*40= 600SQFT
15*50= 750SQFT
20*50= 1000 SQFT

1111/- SQFT
Book an appointment now:
8889066688, 9109639404

WWW.GATEWAYGHAR.IN

# जनकल्याण और विकास की सभी योजनाएं जारी रहेंगी - मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

## शासकीय गतिविधियों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने खरगोन में 182 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रोड शो में हुए शामिल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने खरगोन के नवग्रह मेला ग्राउंड पर आयोजित कार्यक्रम में 182 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत इंदौर संभाग के 167 करोड़ रुपए लागत के 41 विकास कार्यों, नानकोडी बैराज, 7.54 करोड़ लागत की झिरन्या और करही बैराज भगवानपुर, भिकनगांव झिरनिया मार्ग पर 5.88 करोड़ लागत के नवीन पुल निर्माण, कायाकल्प योजना 2.0 अंतर्गत खरगोन जिले में 2 करोड़ की लागत से सड़क निर्माण कार्यों का बटन दबाकर शिलान्यास और लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 132वें वर्ष में प्रवेश कर रहे नवग्रह मेले का पूजन-अर्चन कर शुभारंभ भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभिन्न योजनाओं के हितलाभ भी वितरित किए।

रोड शो में बड़ी संख्या में शामिल हुईं महिलाएं, युवा और बुजुर्ग

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रोड शो में सम्मिलित होते हुए नवग्रह मेला ग्राउंड पहुंचे। खरगोनवासियों ने रोड शो में उत्साह के साथ ढोल-ढमाके, जनजातीय नृत्य और पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। रोड शो में महिला, युवा, बुजुर्ग बड़ी संख्या में सहभागी थे विभिन्न सामाजिक संगठनों, व्यापारी संघों एवं संस्थाओं ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्वागत किया। रोड शो के बीच एक बालिका ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का तिलक किया, डॉ. यादव ने बालिका का पुष्प माला भेंट कर अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रोड शो में शामिल हुए जनसमुदाय पर पुष्प वर्षा कर उनका अभिवादन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नवग्रह मेला ग्राउंड पहुंचने पर जनप्रतिनिधियों ने विशाल पुष्पमाला पहनाकर उनका स्वागत किया एवं तीर-कमान भेंटकर उनका आत्मीय अभिवादन किया गया।

### निमाड़ क्षेत्र के विकास के लिए राज्य शासन प्रतिबद्ध है

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में चल रही जनकल्याण और विकास की सभी योजनाओं और कार्यक्रमों का क्रियान्वयन निरंतर जारी रहेगा, कोई भी योजना बंद नहीं होगी। आवश्यक धनराशि का प्रबंध कर सभी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का



संचालन किया जाएगा। मध्यप्रदेश के विकास में समूचे निमाड़ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, इस क्षेत्र के विकास के लिए राज्य शासन प्रतिबद्ध है। दक्षिण से आने वाले रेल मार्ग को निमाड़ क्षेत्र से ले जाने के लिए नया ट्रेक विकसित करने के प्रस्ताव पर रेल मंत्री से चर्चा हुई है। इस क्षेत्र में विकसित हो रहे फोर लेन से विकास के द्वार खुलेंगे। निमाड़ क्षेत्र में रोजगार के अवसरों के सृजन के लिए भी गतिविधियां संचालित की जाएंगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नवग्रह मेला क्षेत्र के विकास के लिए 25 करोड़ रूपए उपलब्ध कराए गए हैं।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है, 21वीं सदी के भारत में अपार संभावनाएं छुपी हुई हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी की नेतृत्व क्षमता और विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता से देश ही नहीं, अपितु सम्पूर्ण विश्व परिचित है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की पाँचवी अर्थव्यवस्था बना है। हम उनके नेतत्व में मध्यप्रदेश को देश का नंबर वन राज्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश ने लार्ड मेकाले द्वारा लागू की गई शिक्षा नीति में आमूल-चूल परिवर्तन किया है। प्रदेश में नई शिक्षा नीति के अंतर्गत हर जिले में एक-एक ऐसा कॉलेज खोला जाएगा, जहां विद्यार्थियों के?लिए सभी कोर्स उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि विकास गतिविधियों और जनकल्याण कार्यक्रमों का मैदानी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए उनकी समीक्षा संभाग स्तर पर की जाएगी। इसी क्रम में इंदौर संभाग की समीक्षा खरगोन में रखी गई है। विकास-जनकल्याण, कानून व्यवस्था और जनसुविधा से संबंधित गतिविधियों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

### प्रदेश से अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं का स्वागत-वंदन किया जाएगा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि लोकतंत्र की लड़ाई में मालवा-निमाड़ के क्रांतिकारियों का अमूल्य योगदान रहा है। टंट्या मामा और चंद्रशेखर आजाद जैसे क्रांतिकारियों के बलिदान से ही स्वतंत्रता का मार्ग प्रशस्त हुआ। लोकतांत्रिक व्यवस्था ने गरीब परिस्थिति के प्रतिभावान व्यक्तियों को देश की बागडोर संभालने का अवसर प्रदान किया। पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने प्रधानमंत्री सड़क योजना देकर देश के विकास को गति प्रदान की। अब देश नई व्यवस्था से जुड़ने जा रहा है। राजा के रूप में जनसेवक और आदर्श पुत्र के प्रतिमान भगवान श्रीराम 22 जनवरी को अयोध्या में विराजेंगे, इस अद्भुत और अविस्मरणीय पल का सम्पूर्ण विश्व साक्षी होगा। मध्यप्रदेश से जिन-जिन मार्गों से श्रद्धालु अयोध्या के लिए प्रस्थान करेंगे, उन सभी मार्गों पर फूल बिछाकर श्रद्धालुओं का स्वागत-वंदन किया जाएगा।

कार्यक्रम में जनजातीय कार्य मंत्री कुंवर विजय शाह, महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया, वन, पर्यावरण एवं अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री श्री नागर सिंह चौहान, क्षेत्रीय सांसद श्री गजेन्द्र सिंह पटेल, श्री ज्ञानेश्वर पाटिल, श्री शंकर लालवानी, श्री छतर सिंह दरबार, राज्य सभा सांसद सुश्री कविता पाटीदार, पूर्व मंत्री तथा विधायक श्रीमती अर्चना चिटनीस सहित क्षेत्र के विधायकगण, जनप्रतिनिधि, विभिन्न योजनाओं के हितग्राही एवं विशाल जनसमुदाय उपस्थित था।



# इस बार नए साल का जश्न भी अनोखा, रामरथ और भगवा रैलियों के बीच जमकर हुई आतिशबाजी





**नए साल के स्वागत में इंदौरी इस तरह डूबे कि हर चौराहे, गली-मोहल्ले में कार्यक्रम नजर आए। रविवार होने की वजह से लोगों ने नए साल का जमकर स्वागत किया। इस बार इंदौर के लोगों ने नए साल के स्वागत में भगवा रैलियां भी निकाली। कई कालोनी, मोहल्लों में लोगों ने रामरथ सजाए और भगवा रैलियों से नए साल का स्वागत किया। इन रैलियों में जहां महिलाएं, बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए वहीं हर उम्र के लोगों ने इसमें अलग अलग जिम्मेदारी निभाई।**

### न कोई संगठन न कोई सूचना, खुद जुट गए

बंगाली चौराहे पर रहने वाले अर्जुन यादव ने बताया कि हमने आसपास की कई कालोनी के लोगों के साथ मिलकर रामरथ और भगवा रैली निकालने का आयोजन रखा। नए साल को मनाने का इससे बेहतर तरीका कोई और हो ही नहीं सकता था। हम लोगों ने खुद हर तैयारी की और महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों ने मिलकर इस आयोजन को सफल बनाया। ठीक इसी तरह स्कीम नंबर 136 में बद्री प्रसाद नागदा ने बताया कि रहवासी संघ ने मिलकर रामरथ के साथ नववर्ष मनाया और आरती कर प्रसाद वितरण किया।

### होटल और फूड जोन में भी खासी भीड़

31 दिसंबर की शाम से शहर में हर जगह उत्साह का माहौल बन गया। सराफा, 56 दुकान समेत प्रमुख बाजारों में खासी भीड़ नजर आई तो मंदिरों में दर्शन करने के लिए भक्तों की लंबी कतारें रही। फैमिली, फ्रेंड्स के साथ लोगों ने शहर के अलग-अलग होटल्स, डिस्को, फूड जोन में भी नए साल का जश्न



मनाया।

### मुस्तैद रही पुलिस

नए साल में होने वाले आयोजनों के बीच पुलिस ने भी मुस्तैदी दिखाई। हर चौराहे प्रमुख स्थान पर पुलिसकर्मी ड्यूटी देते नजर आए। असामाजिक तत्वों और आपराधिक प्रवृति के लोगों की धरपकड़ के लिए विशेष नाकाबंदी की गई है। इसके अलावा थाना क्षेत्रों में पेट्रोलिंग पार्टियों को भी गश्त पर लगाया गया है।

# इंदौर में 24 घंटे में 5 कोरोना पॉजिटिव-तीन की ट्रेवल हिस्ट्री; दो डिस्चार्ज, एक्टिव केस 10, वैक्सीनेशन ने घटाई चिंता

**इंदौर में 24 घंटे में कोरोना के 5 पॉजिटिव केस मिले हैं। इनमें से तीन की ट्रेवल हिस्ट्री पाई गई है। इनमें से चार को होम आइसलोट किया गया है जबकि एक को हल्के लक्षण के कारण एडमिट किया गया है। ये सभी वैक्सीनेटेड हैं।**



इनमें 31 दिसम्बर को 2 पॉजिटिव मिले हैं। इनमें एक बिचौली हप्सी निवासी 75 वर्षीय वृद्ध हैं जबकि दूसरा राजेंद्र नगर निवासी 20 वर्षीय युवक है। दोनों ने सर्दी-खासी होने पर एक प्राइवेट हॉस्पिटल में जांच करवाई थी जिसमें पॉजिटिव पाए गए हैं। खास बात यह कि दोनों की ट्रेवल हिस्ट्री नहीं मिली है।

सोमवार को तीन पॉजिटिव मिले हैं। इनमें से एक विजय नगर निवासी 79 वर्षीय वृद्ध है। वे हाल ही में अयोध्या से लौटे हैं। उन्हें हल्के लक्षण है और एडमिट किया गया है। दूसरा 34 वर्षीय युवक न्यू पलासिया का रहवासी है। एक अन्य अनूप नगर निवासी 69 ?वर्षीय बुजुर्ग है। वे थाईलैंड से लौटे थे। इनके सैंपल जीनोम सिक्वेंसिंग के लिए एम्स (भोपाल) भेजे गए हैं। इसके पूर्व जो 11 मरीज मिले थे उनमें दो की ट्रेवल हिस्ट्री मिली थी। इनमें एक महिला अमेरिका से जोधपुर होते हुए इंदौर आई थी जबकि इसके पूर्व एक मरीज मालदीव से लौटी थी।

आईएलआई ब्रांच के इंचार्ज डॉ. अमित मालाकार के मुताबिक सर्दी-खांसी के लक्षण होने पर कई मरीज शंका में जांचें करवा रहे हैं। ऐसे में जांच के पहले डॉक्टरों से परामर्श जरूरी है। इसके चलते सभी स्वास्थ्य केंद्रों (सरकारी हॉस्पिटल, संजीवनी क्लीनिक, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र) पर ओपीडी शुरू की है। इन केंद्रों पर मरीजों के उपचार के साथ डॉक्टरों द्वारा परामर्श भी दिया जा रहा है।

### डॉक्टर के परामर्श के बाद ही जांच

डॉ. मालाकार ने स्पष्ट किया कि सैंपल कलेक्शन (कोरोना) के लिए कुल 13 सेंटर हैं जिनमें एमजीएम मेडिकल कॉलेज, मानपुर, महू, हातोद, देपालपुर, बेटमा व सांवेर हैं। शहरी में जिला अस्पताल, पीसी सेठी, बाणगंगा, मांगीलाल चूरिया, हुकुमचंद पॉलीक्लिनिक व मल्हारगंज सिविल हॉस्पिटल हैं। यहां आरटीपीसीआर की जांच होती है लेकिन डॉक्टर का परामर्श जरूरी है।

### सभी वैक्सीनेटेड होने से दवाइयों की जरूरत कम

उन्होंने बताया कि अभी तक जो कोरोना मरीज मिले हैं उन्हें सामान्य सर्दी-खांसी ही है इसलिए उसी की दवाइयां दी जा रही है। इनमें भी अधिकांश वे हैं जिन्होंने प्राइवेट हॉस्पिटल या डॉक्टर को दिखाया था और उन्हीं के परामर्श अनुसार दवाइयां ले रहे हैं।

ये सभी वैक्सीनेटेड पाए गए हैं और सामान्य लक्षण (ए सिम्टोमैटिक) हैं। इस कारण लहर के दौरान जो दवाइयां दी जा रही थी, उसकी जरूरत नहीं पड़ रही है। उन्हें सिर्फ मास्क लगाने और एक हफ्ते तक होम आइसोलेट रहने पर ही जोर दिया जा रहा है।

इसके अलावा जिन क्षेत्रों में ये मरीज मिले हैं उनकी क्षेत्र की सरकारी डिस्पेंसरी, स्वास्थ्य केंद्र द्वारा मॉनिटरिंग की जा रही है। इसके साथ जरूरत के हिसाब से ही मेडिसन उपलब्ध कराई जा रही है। अभी चिंता जैसी स्थिति नहीं है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन.22 सेक्टर एफ सांवेर रोड इण्डस्ट्रीयल एरिया ,इंदौर,म.प्र. एवं जी-1,कॉस्मिक रीजेन्सी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर, म.प्र. से प्रकाशित - संपादक गोपाल गावन्डे ( पी.आर.बी. ) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र इंदौर रहेगा )